सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

चैत्र 6, सोमवार, शाके 1934, मार्च 26, 2012
Chaitra 6, Monday, Saka 1934, March 26, 2012

भाग 4 (ग)

उप–खण्ड (II)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य–प्राधिकारियों द्वारा जारी
किये गये कानूनी आदेश तथा अधिसूचनाएं।

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 26 मार्च, 2012

एस.ओ.184.– राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 86 और 87 और भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 2) की धारा 74 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**– (1) इन नियमों का नाम राजस्थान स्टाम्प (संशोधन) नियम, 2012 है।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे।

2. **नियम 57 का संशोधन** .– राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004, जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियमों के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, के नियम 57 में खण्ड (iii) के नीचे आये विद्यमान द्वितीय परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :–

> ''परन्तु यह और कि उस दशा में जहाँ रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को लिखत में शुल्क प्रभावित करने वाले उल्लिखित तथ्यों की सत्यता के बारे में कोई संदेह हो तो तथ्यों की सत्यता अभिनिश्चित करने और तदनुसार बाजार मूल्य अवधारित करने के लिए वह स्वयं सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकेगा या स्टाम्प महानिरीक्षक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अपने अधीनस्थ कर्मचारी को सम्पत्ति के निरीक्षण के लिए निदिष्ट कर सकेगा।''

3. **नियम 58 का प्रतिस्थापन.**– उक्त नियमों के विद्यमान नियम 58 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :–

''**58 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सम्पत्ति के बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए प्रक्रिया.**– (1) स्थावर सम्पत्ति संबंधी किसी लिखत के मामले में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा भूमि का बाजार मूल्य, नियम 2 के खण्ड (ख) के अधीन गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा समय–समय पर सिफारिश की गयी दरों या स्टाम्प

महानिरीक्षक द्वारा समय-समय पर अनुमोदित दरों, इनमें से जो भी अधिक हो, के आधार पर निर्धारित किया जायेगा और संनिर्मित भाग का बाजार मूल्य, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित दरों के आधार पर निर्धारित किया जायेगाः

परन्तु यदि जिला स्तरीय समिति द्वारा सिफारिश की गयी दरें, विद्यमान दरों के पचास प्रतिशत से अधिक बढ़ायी जाती हैं तो इस प्रकार सिफारिश की गयी बढ़ी हुई दरों पर राज्य सरकार के अनुमोदन के पश्चात् ही विचार किया जायेगा।

(2) जिला स्तरीय समिति, भूमि के बाजार मूल्यों की सिफारिश करते समय अन्य सुसंगत कारकों के अतिरिक्त, निम्नलिखित पर विचार करेगी, अर्थात्:-

(i) उन क्षेत्रों में जहां बन्दोबस्त पूर्ण हो गया है, वहां भूमि की दरें मीट्रिक यूनिट में अवधारित की जायेंगी।

(ii) वृहत् राजमार्ग (मेगा हाइवे) और राज्य राजमार्ग के समीपस्थ भूमि के लिए सिफारिश की गयी दरें, उसके निकटस्थ राष्ट्रीय राजमार्ग के समीपस्थ भूमि के लिए सिफारिश की गयी दरों के समान होंगी।

(iii) राष्ट्रीय राजमार्ग, वृहत् राजमार्ग (मेगा हाइवे) और राज्य राजमार्ग के समीपस्थ कृषि भूमि के लिए सिफारिश की गयी दरें, राष्ट्रीय राजमार्ग, वृहद राजमार्ग (मेगा हाइवे) और, यथास्थिति, राज्य राजमार्ग से 100 मीटर तक स्थित भूमि के मामले में, उस क्षेत्र की कृषि भूमि के लिए सिफारिश की गयी सामान्य दरों के तीन गुना से, और 100 मीटर से अधिक तथा 500 मीटर तक स्थित भूमि के मामले में दो गुना से, कम नहीं होंगी।

(iv) नगर निगम/नगर परिषद्/नगरपालिक बोर्ड/जयपुर विकास प्राधिकरण /जोधपुर विकास प्राधिकरण/नगर सुधार न्यास/छावनी बोर्ड और अन्य स्थानीय निकाय के परिधीय क्षेत्रों के भीतर या नगरीकरण के लिए साध्य मास्टर प्लान के क्षेत्र की सीमा तक स्थित 1000 वर्ग मीटर तक के क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि के लिए सिफारिश की गयी दर पृथक् होगी और ऐसी दरों का निर्धारण, अन्य सुसंगत कारकों पर विचार करने के पश्चात्, इसमें ऊपर उल्लिखित प्राधिकरणों द्वारा विकसित/विनियमित निकटस्थ कॉलोनियों के लिए आरक्षित की गयी दरों में से विकास प्रभारों को कम करने के पश्चात् किया जाना चाहिए।

(v) नगरपालिक क्षेत्रों में भूमि के लिए सिफारिश की गयी दरें, उस क्षेत्र के लिए सुसंगत नियमों के अधीन संबंधित स्थानीय प्राधिकारी द्वारा अवधारित आरक्षित कीमत की दरों से कम नहीं होंगी।

(vi) संस्थागत प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें आवासिक भूमि की दर के डेढ़ गुना से कम नहीं होंगी और औद्योगिक प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें ऐसी भूमि के 5 किलोमीटर की परिधि के भीतर स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र की दरों या उस क्षेत्र की आवासिक भूमि की दरों, इनमें जो भी कम हों, से कम नहीं होंगी।

स्पष्टीकरणः इस नियम के प्रयोजनों के लिए संस्थागत प्रयोजन में विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, अस्पताल इत्यादि सम्मिलित हैं और औद्योगिक प्रयोजन में कृषि आधारित उद्योग, केमिकल और फार्मास्यूटिकल उद्योग, टैक्सटाइल उद्योग, सीमेन्ट उद्योग, प्लास्टिक उद्योग, कांच उद्योग, पर्यटन उद्योग इत्यादि सम्मिलित हैं।

(vii) खनन प्रयोजनों के लिए पट्टे पर दी गयी या अन्यथा आवंटित भूमि की दरें कृषि भूमि की दरों के दो गुने से कम नहीं होंगी।

(viii) स्थानीय प्राधिकारियों, निगमों इत्यादि द्वारा लोक नीलाम के माध्यम से विक्रीत सम्पत्तियों की उच्चतम नीलाम दरों को ध्यान में रखा जायेगा।

(ix) वह प्रयोजन, जिसके लिए ऐसे नगरों में, जहां मास्टर प्लान अनुमोदित हो गया है, मास्टर प्लान के नगरयोग्य क्षेत्र में भू-उपयोग को उपदर्शित किया गया है।

(x) कंपनियों या भागीदारी फर्मों द्वारा, किसी भी प्रयोजन के लिए क्रय की गयी कृषि भूमि को गैर-कृषिक प्रयोजन के रूप में माना जायेगा और दरें उक्त प्रयोजन के अनुसार लागू की जायेंगी और ऐसे प्रयोजन के स्पष्ट न होने पर ऐसी दरें संस्थागत प्रयोजन की दरों से कम नहीं होंगी।

(3) यदि जिला स्तरीय समिति द्वारा सिफारिश की गयी भूमि की दरों को ऐसी सिफारिश की तारीख से एक वर्ष के भीतर-भीतर पुनरीक्षित नहीं किया गया है या यदि किसी क्षेत्र में की भूमि के बाजार मूल्य में सारभूत रूप से वृद्धि या कमी हुई है तो राज्य सरकार स्वप्रेरणा से या स्टाम्प महानिरीक्षक द्वारा किये गये निर्देश पर या तो ऐसी वृद्धि या कमी को प्रकट करने वाले कारकों पर अपने स्वयं के स्तर पर विचार करके या इस प्रयोजन के लिए अध्यक्ष के रूप में सचिव, वित (राजस्व) और सदस्यों के रूप में स्टाम्प महानिरीक्षक, संबंधित जिले का कलक्टर और सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट उस जिले के किसी लोक प्रतिनिधि से गठित समिति द्वारा की गयी सिफारिशों के आधार पर ऐसे क्षेत्रों में भूमि की दरों को पुनः अवधारित कर सकेगी। इस प्रकार अवधारित दरें ऐसे आदेश में विनिर्दिष्ट तारीख से भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण का आधार होंगी और तब तक मान्य होंगी जब तक कि जिला स्तरीय समिति इस प्रकार अवधारित दरों को पुनरीक्षित नहीं करे।''

4. नियम 62 का प्रतिस्थापन.- उक्त नियमों के विद्यमान नियम 62 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

''**62 पुरस्कार.**- इस अधिनियम के अधीन अपवंचित स्टाम्प शुल्क और शास्ति की वसूली में या किसी अपराधी की दोषसिद्धि में कलक्टर किसी भी व्यक्ति को, जिसके बारे में उसे प्रतीत हो कि उसने इसमें योगदान दिया है, राज्य सरकार द्वारा ऐसा पुरस्कार प्रदान करने के लिए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बनायी गयी स्कीम के अनुसार, पुरस्कार प्रदान कर सकेगा।''।

[एफ.12(15)वित्त/कर/12-95]
राज्यपाल के आदेश से,

डॉ. रविकुमार एस.,
शासन उप सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 26 मार्च, 2012

एस.ओ.185.- राजस्थान वित्त अधिनियम, 2006 (2006 का अधिनियम सं. 4) की धारा 61 द्वारा प्रदत्त शक्तियों और उसे इस निमित्त समर्थ बनाने वाली समस्त अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान भूमि कर नियम, 2006 को और संशोधित करने के लिए, इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.-** (1) इन नियमों का नाम राजस्थान भूमि कर (संशोधन) नियम, 2012 है।

(2) ये तुरंत प्रभाव से प्रवृत्त होंगे।

2. **नियम 3 का संशोधन.-** राजस्थान भूमि कर नियम, 2006, जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियमों के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, के नियम 3 के खण्ड (क) के विद्यमान उप-खण्ड (iii) के पश्चात्, निम्नलिखित नया खण्ड जोड़ा जायेगा, अर्थात् :-

''(iv) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या उसके निगमों या स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा किसी व्यक्ति, संस्था या फर्म आदि को पट्टे पर या अन्यथा दी गयी भूमि और जो भूमि कर के लिए दायी है, के संबंध में ऐसी सरकारें, निगमों या स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी से कोई तथ्यात्मक विवरण या जानकारी की मांग करना।''

3. **नियम 13 का संशोधन.-** उक्त नियमों के नियम 13 के उप-नियम (1) में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''धारा 48 या 50 के अधीन अपील का ज्ञापन'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''धारा 48, 50 या 51 के अधीन अपील का ज्ञापन'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

4. **नियम 17 का हटाया जाना.-** उक्त नियमों का विद्यमान नियम 17 हटाया जायेगा।

5. **प्ररूप 11 का संशोधन.-** उक्त नियमों से संलग्न प्ररूप 11 में, विद्यमान अभिव्यक्ति ''राजस्थान वित्त अधिनियम, 2006 की धारा 48 या 50 के अधीन अपील का ज्ञापन'' के स्थान पर अभिव्यक्ति ''राजस्थान वित्त अधिनियम, 2006 की धारा 48, 50 या 51 के अधीन अपील का ज्ञापन'' प्रतिस्थापित की जायेगी।

6. **प्ररूप 12 का हटाया जाना.-** उक्त नियमों से संलग्न प्ररूप 12 हटाया जायेगा।

[एफ.12(15)वित्त/कर/12-96]
राज्यपाल के आदेश से,

डॉ. रविकुमार एस.,
शासन उप सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 26 मार्च, 2012

एस.ओ.186.- रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस सम्बन्ध में जारी की गयी समस्त पूर्व अधिसूचनाओं को अतिष्ठित करते हुए, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिये राज्य सरकार इसके द्वारा निम्नलिखित रुप में जिलों और उप-जिलों का गठन तथा उनकी सीमाओं का निर्धारण करती है, अर्थात्:-

क्र.सं.	जिले का नाम	जिले की सीमाएं	उप जिले का नाम	रजिस्ट्रीकरण उपजिलों की सीमाएं
1	2	3	4	5
1.	अजमेर	राजस्व जिला अजमेर	(i) अजमेर	तहसील अजमेर
			(ii) ब्यावर	तहसील, ब्यावर
			(iii) भिनाय	तहसील भिनाय
			(iv) विजयनगर	उप-तहसील, विजयनगर
			(v) केकडी	तहसील केकडी
			(vi) किशनगढ़	तहसील किशनगढ़
			(vii) नसीराबाद	तहसील नसीराबाद
			(viii) पुष्कर	उप-तहसील पुष्कर
			(ix) सरवाड़	तहसील सरवाड़
			(x) टाटगढ़	अतिरिक्त तहसील टाटगढ़
			(xi) मसूदा	तहसील मसूदा
			(xii) पीसांगन	तहसील पीसांगन
			(xiii) रूपनगढ़	उप-तहसील रूपनगढ़
2.	अलवर	राजस्व जिला अलवर	(i) अलवर	तहसील अलवर
			(ii) बहादुरपुर	उप-तहसील बहादुरपुर
			(iii) बहरोड़	तहसील बहरोड़
			(iv) बानसूर	तहसील बानसूर
			(v) गोविन्दगढ़	उप-तहसील गोविन्दगढ़
			(vi) किशनगढ़वास	तहसील किशनगढ़वास
			(vii) कठूमर	तहसील कठूमर
			(viii) लक्ष्मणगढ़	तहसील लक्ष्मणगढ़
			(ix) मालाखेड़ा	उप-तहसील मालाखेड़ा
			(x) नीमराना	उप-तहसील नीमराना
			(xi) रैणी	उप-तहसील रैणी
			(xii) राजगढ़	तहसील राजगढ़
			(xiii) रामगढ़	तहसील रामगढ़
			(xiv) टपूकडा	उप-तहसील टपूकडा (उप-रजिस्ट्रार भिवाडी की अधिकारिता में आने वाले ग्रामों को छोडकर)
			(xv) थानागाजी	तहसील थानागाजी
			(xvi) मुण्डावर	तहसील मुण्डावर
			(xvii) तिजारा	तहसील तिजारा
			(xviii) कोटकासिम	तहसील कोटकासिम
			(xix) भिवाडी	उप-तहसील टपूकडा के ग्राम भिवाड़ी, नंगलिया, घटाल, रामपुरा, शाहडोद, हरचंदपुर, सांथलका, खिज्रपुर, बीलाहेडी, मुंडाना, अमलांकी, कारेंडी, कांरेडा, बहादरी, फलसा, भूडली, गाडपुर, कहरानी, गोधान, बनबन, झीवाना, जोडिया,

					बंदापुर, हुसेपुर, खेडी, मेंहदीका, उंधनवास, कुलावट, सारेखुर्द, सारेकलां, खरखडी, गंधोला, चौपानकी, पथरेडी, फकरूद्दीनका, खोहरी कलां, खोहरी खुर्द, खातीबास, छापर, लादिया, मयापुर, दांगनहेडी, कर्मपुर, बूरेडा, कारोली, करमसीबास, खुशखेडा, महेशरा, धामावास, राबडका, सलारपुर, साहपुर, हुर्सीगपुर, बनवीरपुर, बीबीपुर, तातारपुर, कालाका, थडा, उदयपुर, सींथल, खिजूरीबास, मिलकपुरगुर्जर, खानपुर, आलमपुर, सैदपुर एवं चुहडपुर।
3.	बांसवाडा	राजस्व जिला बांसवाडा	(i)	बांसवाडा	तहसील बांसवाड़ा
			(ii)	बागीदौरा	तहसील बागीदौरा
			(iii)	आनन्दपुरी	उप-तहसील आनन्दपुरी
			(iv)	गढी	तहसील गढी
			(v)	घाटौल	तहसील घाटौल
			(vi)	कुशलगढ़	तहसील कुशलगढ़
			(vii)	सज्जनगढ़	उप-तहसील सज्जनगढ
4.	बारां	राजस्व जिला बारां	(i)	बारां	तहसील बारां
			(ii)	छीपाबडौद	तहसील छीपाबडौद
			(iii)	छबड़ा	तहसील छबड़ा
			(iv)	मांगरोल	तहसील मांगरोल
			(v)	शाहबाद	तहसील शाहबाद
			(vi)	केलवाड़ा	उप-तहसील केलवाडा
			(vii)	अटरू	तहसील अटरू
			(viii)	अन्ता	तहसील अन्ता
			(ix)	किशनगंज	तहसील किशनगंज
5.	बाड़मेर	राजस्व जिला बाड़मेर	(i)	बाडमेर	तहसील बाडमेर
			(ii)	चौहटन	तहसील चौहटन
			(iii)	गुढामलानी	तहसील गुढामलानी
			(iv)	गढरारोड़	उप-तहसील गढरारोड
			(v)	पचपदरा	तहसील पचपदरा
			(vi)	शिव	तहसील शिव
			(vii)	सिवाना	तहसील सिवाना
			(viii)	बायतू	तहसील बायतू
			(ix)	रामसर	तहसील रामसर

			(x)	गिडा	उप-तहसील गिडा
			(xi)	जसौल	उप-तहसील जसौल
			(xii)	सिन्दरी	उप-तहसील सिन्दरी
			(xiii)	सेडवा	उप-तहसील सेडवा
6.	भरतपुर	राजस्व जिला भरतपुर	(i)	भरतपुर	तहसील भरतपुर
			(ii)	बयाना	तहसील बयाना
			(iii)	नदबई	तहसील नदबई
			(iv)	डीग	तहसील डीग
			(v)	कुम्हेर	तहसील कुम्हेर
			(vi)	कामां	तहसील कामां
			(vii)	पहाड़ी	तहसील पहाड़ी
			(viii)	रूपवास	तहसील रूपवास
			(ix)	नगर	तहसील नगर
			(x)	बैर	तहसील बैर
			(xi)	सीकरी	उप-तहसील सीकरी
			(xii)	उच्चैन	उप-तहसील उच्चैन
			(xiii)	भुसावर	उप-तहसील भुसावर
7.	भीलवाड़ा	राजस्व जिला भीलवाडा	(i)	भीलवाड़ा	तहसील भीलवाड़ा
			(ii)	बदनौर	अतिरिक्त तहसील बदनौर
			(iii)	बनेड़ा	तहसील बनेड़ा
			(iv)	आसीन्द	तहसील आसीन्द
			(v)	बिजौलिया	तहसील बिजौलिया
			(vi)	हमीरगढ़	उप-तहसील हमीरगढ़
			(vii)	हुरड़ा	तहसील हुरड़ा
			(viii)	जहाजपुर	तहसील जहाजपुर
			(ix)	करेड़ा	अतिरिक्त तहसील करेड़ा
			(x)	कोटडी	तहसील कोटडी
			(xi)	माण्डल	तहसील माण्डल
			(xii)	माण्डलगढ़	तहसील माण्डलगढ़
			(xiii)	फुलियाकलां	उप-तहसील फुलियाकलां
			(xiv)	रायपुर	तहसील रायपुर
			(xv)	सहाड़ा	तहसील सहाड़ा
			(xvi)	शाहपुरा	तहसील शाहपुरा
8.	बीकानेर	राजस्व जिला बीकानेर	(i)	बीकानेर	तहसील बीकानेर
			(ii)	बज्जू	उप-तहसील बज्जू
			(iii)	छतरगढ़	तहसील छतरगढ़
			(iv)	डूंगरगढ़	तहसील डूंगरगढ़
			(v)	कोलायत	तहसील कोलायत
			(vi)	खाजूवाला	तहसील खाजूवाला
			(vii)	लूणकरणसर	तहसील लूणकरणसर

			(viii)	नौखा	तहसील नौखा
			(ix)	पूंगल	तहसील पूंगल
9.	बून्दी	राजस्व जिला बूंदी	(i)	बून्दी	तहसील बून्दी
			(ii)	नैनवा	तहसील नैनवा
			(iii)	हिण्डोली	तहसील हिण्डोली
			(iv)	तालेड़ा	उप-तहसील तालेड़ा
			(v)	केशोरायपाटन	तहसील केशोरायपाटन
			(vi)	इन्द्रगढ़	तहसील इन्द्रगढ़
			(vii)	देई	उप-तहसील देई
10.	चित्तौड़गढ़	राजस्व जिला चित्तौडगढ़	(i)	चित्तौड़गढ़	तहसील चित्तौडगढ़
			(ii)	बडी सादडी	तहसील बड़ी सादडी
			(iii)	बेगू	तहसील बेगू
			(iv)	भैंसरोड़गढ़ (रावतभाटा)	तहसील भैंसरोड़गढ़ (रावतभाटा)
			(v)	भूपालसागर	उप-तहसील भूपालसागर
			(vi)	अरनोद	तहसील अरनोद
			(vii)	डूंगला	तहसील डूंगला
			(viii)	गंगरार	तहसील गंगरार
			(ix)	कपासन	तहसील कपासन
			(x)	निम्बाहेड़ा	तहसील निम्बाहेड़ा
			(xi)	पारसोली	उप-तहसील पारसोली
			(xii)	राशमी	तहसील राशमी
			(xiii)	भदेसर	तहसील भदेसर
			(xiv)	भादसोड़ा	उप-तहसील भादसोड़ा
11.	चूरू	राजस्व जिला चूरू	(i)	चूरू	तहसील चूरू
			(ii)	भानीपुरा	उप-तहसील भानीपुरा
			(iii)	बीदासर	अतिरिक्त तहसील बीदासर
			(iv)	राजगढ़	तहसील राजगढ़
			(v)	रतनगढ़	तहसील रतनगढ़
			(vi)	सरदार शहर	तहसील सरदार शहर
			(vii)	सुजानगढ़	तहसील सुजानगढ़
			(viii)	सिद्धमुख	उप-तहसील सिद्धमुख
			(ix)	तारानगर	तहसील तारानगर
12.	दौसा	राजस्व जिला दौसा	(i)	दौसा	तहसील दौसा
			(ii)	सिकराय	तहसील सिकराय
			(iii)	लालसोट	तहसील लालसोट
			(iv)	महुवा	तहसील महुवा
			(v)	बसवा	तहसील बसवा
			(vi)	लवाण	उप-तहसील लवाण
13.	धौलपुर	राजस्व	(i)	धौलपुर	तहसील धौलपुर

		जिला धौलपुर	(ii)	राजाखेड़ा	तहसील राजाखेड़ा
			(iii)	मनियां	उप-तहसील मनियां
			(iv)	सैपऊ	तहसील सैपऊ
			(v)	बाड़ी	तहसील बाड़ी
			(vi)	बसेड़ी	तहसील बसेड़ी
			(vii)	सरमथुरा	अतिरिक्त तहसील सरमथुरा
			(viii)	कंचनपुर	उप-तहसील कंचनपुर
14.	डूंगरपुर	राजस्व जिला डूंगरपुर	(i)	डूंगरपुर	तहसील डूंगरपुर
			(ii)	आसपुर	तहसील आसपुर
			(iii)	सागवाड़ा	तहसील सागवाड़ा
			(iv)	सिमलवाड़ा	तहसील सिमलवाड़ा
			(v)	गलियाकोट	उप-तहसील गलियाकोट
			(vi)	चीखली	उप-तहसील चीखली
15.	हनुमानगढ़	राजस्व जिला हनुमानगढ	(i)	हनुमानगढ़	तहसील हनुमानगढ़
			(ii)	पीलीबंगा	तहसील पीलीबंगा
			(iii)	संगरिया	तहसील संगरिया
			(iv)	टिब्बी	तहसील टिब्बी
			(v)	रावतसर	तहसील रावतसर
			(vi)	नोहर	तहसील नोहर
			(vii)	भादरा	तहसील भादरा
			(viii)	छानी बड़ी	उप-तहसील छानी बड़ी
			(ix)	पल्लू	उप-तहसील पल्लू
			(x)	डबलीराठान	उप-तहसील डबलीराठान
16.	जयपुर	राजस्व जिला जयपुर	(i)	जयपुर	तहसील जयपुर, तहसील सांगानेर, तहसील आमेर
			(ii)	विराटनगर	तहसील विराटनगर
			(iii)	बस्सी	तहसील बस्सी
			(iv)	चाकसू	तहसील चाकसू
			(v)	चौंमू	तहसील चौंमू
			(vi)	मोजमाबाद	तहसील मोजमाबाद
			(vii)	जमवारामगढ़	तहसील जमवारामगढ़
			(viii)	किशनगढ़ रेनवाल	उप-तहसील किशनगढ़ रेनवाल
			(ix)	कोटखावदा	उप-तहसील कोटखावदा
			(x)	कोटपूतली	तहसील कोटपूतली
			(xi)	फागी	तहसील फागी
			(xii)	सांभर	तहसील सांभर
			(xiii)	शाहपुरा	तहसील शाहपुरा
			(xiv)	माधोराजपुरा	उप-तहसील माधोराजपुरा
			(xv)	दूदू	उप-तहसील दूदू

17.	जैसलमेर	राजस्व जिला जैसलमेर	(i)	जैसलमेर	तहसील जैसलमेर
			(ii)	पोकरण	तहसील पोकरण
			(iii)	फतेहगढ़	तहसील फतेहगढ़
18.	जालौर	राजस्व जिला जालौर	(i)	जालौर	तहसील जालौर
			(ii)	चितलवाना	उप-तहसील चितलवाना
			(iii)	भादराजून	उप-तहसील भादराजून
			(iv)	भीनमाल	तहसील भीनमाल
			(v)	आहोर	तहसील आहोर
			(vi)	रानीवाड़ा	तहसील रानीवाड़ा
			(vii)	साँचौर	तहसील साँचौर
			(viii)	सायला	तहसील सायला
			(ix)	बागौड़ा	तहसील बागौड़ा
19.	झालावाड़	राजस्व जिला झालावाड	(i)	झालावाड़	तहसील झालरापाटन
			(ii)	असनावर	उप-तहसील असनावर
			(iii)	अकलेरा	तहसील अकलेरा
			(iv)	पचपहाड़	तहसील पचपहाड़
			(v)	खानपुर	तहसील खानपुर
			(vi)	पिड़ावा	तहसील पिडावा
			(vii)	सुनैल	उप-तहसील सुनैल
			(viii)	गंगधार	तहसील गंगधार
			(ix)	मनोहरथाना	तहसील मनोहरथाना
			(x)	बकानी	उप-तहसील बकानी
			(xi)	डग	उप-तहसील डग
20.	झुन्झुनू	राजस्व जिला झुंझुनू	(i)	झुन्झुनू	तहसील झुन्झुनू
			(ii)	चिड़ावा	तहसील चिड़ावा
			(iii)	बुहाना	तहसील बुहाना
			(iv)	खेतड़ी	तहसील खेतड़ी
			(v)	मलसीसर	उप-तहसील मलसीसर
			(vi)	नवलगढ़	तहसील नवलगढ़
			(vii)	सूरजगढ़	उप-तहसील सूरजगढ़
			(viii)	उदयपुरवाटी	तहसील उदयपुरवाटी
21.	जोधपुर	राजस्व जिला जोधपुर	(i)	जोधपुर	तहसील जोधपुर
			(ii)	बिलाड़ा	तहसील बिलाड़ा
			(iii)	बालेसर	उप-तहसील बालेसर
			(iv)	भोपालगढ़	तहसील भोपालगढ़
			(v)	ओसियां	तहसील ओसियां
			(vi)	फलौदी	तहसील फलौदी
			(vii)	शेरगढ़	तहसील शेरगढ़
			(viii)	लूणी	तहसील लूणी
			(ix)	बाप	उप-तहसील बाप

			(x)	तिंवरी	उप-तहसील तिंवरी
			(xi)	झंवर	उप-तहसील झंवर
22.	करौली	राजस्व जिला करौली	(i)	करौली	तहसील करौली
			(ii)	हिण्डोन	तहसील हिण्डोन
			(iii)	टोडाभीम	तहसील टोड़ाभीम
			(iv)	नादोती	तहसील नादोती
			(v)	सपोटरा	तहसील सपोटरा
			(vi)	करणपुर	उप-तहसील करणपुर
			(vii)	मण्डरायल	तहसील मण्डरायल
			(viii)	मासलपुर	उप-तहसील मासलपुर
23.	कोटा	राजस्व जिला कोटा	(i)	लाडपुरा (कोटा)	तहसील लाडपुरा (कोटा)
			(ii)	रामगंजमंडी	तहसील रामगंजमंडी
			(iii)	सांगोद	तहसील सांगोद
			(iv)	दीगोद	तहसील दीगोद
			(v)	पीपलदा	तहसील पीपलदा
			(vi)	मण्डाना	उप-तहसील मण्डाना
			(vii)	चेचट	उप-तहसील चेचट
			(viii)	कनवास	उप-तहसील कनवास
24.	नागौर	राजस्व जिला नागौर	(i)	नागौर	तहसील नागौर
			(ii)	डेगाना	तहसील डेगाना
			(iii)	जायल	तहसील जायल
			(iv)	खींवसर	तहसील खींवसर
			(v)	कुचामनसिटी	अतिरिक्त तहसील कुचामनसिटी
			(vi)	लाडनू	तहसील लाडनू
			(vii)	मकराना	तहसील मकराना
			(viii)	मेड़तासिटी	तहसील मेड़तासिटी
			(ix)	डीडवाना	तहसील डीडवाना
			(x)	नावां	तहसील नावां
			(xi)	परबतसर	तहसील परबतसर
			(xii)	पीलवा	उप-तहसील पीलवा
			(xiii)	रियां बडी	उप-तहसील रियां बडी
			(xiv)	साँजू	उप-तहसील साँजू
			(xv)	मौलासर	उप-तहसील मौलासर
			(xvi)	भैरून्दा	उप-तहसील भैंरून्दा
			(xvii)	डेह	उप-तहसील डेह
25.	पाली	राजस्व जिला पाली	(i)	पाली	तहसील पाली
			(ii)	देसूरी	तहसील देसूरी
			(iii)	जैतारण	तहसील जैतारण
			(iv)	मारवाड़ जक्शन	तहसील मारवाड जक्शन

				(खारची)	(खारची)
			(v)	बाली	तहसील बाली
			(vi)	रायपुर	तहसील रायपुर
			(vii)	रोहिट	तहसील रोहिट
			(viii)	सुमेरपुर	तहसील सुमेरपुर
			(ix)	सोजत	तहसील सोजत
26.	प्रतापगढ़	राजस्व जिला प्रतापगढ	(i)	प्रतापगढ़	तहसील प्रतापगढ़
			(ii)	छोटी सादडी	तहसील छोटी सादडी
			(iii)	देवगढ़	उप-तहसील, देवगढ़
			(iv)	धारियाबाद	तहसील, धारियाबाद
			(v)	पीपलखूंट	तहसील, पीपलखूंट
27.	राजसमन्द	राजस्व जिला राजसमन्द	(i)	राजसमन्द	तहसील राजसमन्द
			(ii)	भीम	तहसील भीम
			(iii)	देवगढ़	तहसील देवगढ़
			(iv)	गढ़बोर	उप-तहसील गढ़बोर
			(v)	कुम्भलगढ़	तहसील कुम्भलगढ़
			(vi)	कुंवारिया	उप-तहसील कुंवारिया
			(vii)	नाथद्वारा	तहसील नाथद्वारा
			(viii)	आमेट	तहसील आमेट
			(ix)	रेलमगरा	तहसील रेलमगरा
			(x)	सरदारगढ़	उप-तहसील सरदारगढ़
			(xi)	खमनोर	उप-तहसील खमनोर
28.	सवाई माधोपुर	राजस्व जिला सवाई माधोपुर	(i)	सवाईमाधोपुर	तहसील सवाईमाधोपुर
			(ii)	बोली	तहसील बोली
			(iii)	चौथ का बरवाड़ा	तहसील चौथ का बरवाड़ा
			(iv)	गंगापुर सिटी	तहसील गंगापुर सिटी
			(v)	खण्डार	तहसील खण्डार
			(vi)	मलारना डूंगर	तहसील मलारना डूंगर
			(vii)	बामनवास	तहसील बामनवास
			(viii)	बरनाला	उप-तहसील बरनाला
			(ix)	वजीरपुर	उप-तहसील वजीरपुर
			(x)	बहरावन्डा कलां	उप-तहसील बहरावन्डा कलां
29.	श्रीगंगानगर	राजस्व जिला श्रीगंगानगर	(i)	श्रीगंगानगर	तहसील श्रीगंगानगर
			(ii)	अनूपगढ़	तहसील अनूपगढ़
			(iii)	बींझबायला	उप-तहसील बींझबायला
			(iv)	सूरतगढ़	तहसील सूरतगढ़
			(v)	सादुलशहर	तहसील सादुलशहर
			(vi)	श्री करणपुर	तहसील श्री करणपुर
			(vii)	गजसिंहपुर	उप-तहसील गजसिंहपुर

			(viii)	घडसाना	तहसील घडसाना
			(ix)	चुनावड़	उप-तहसील चुनावड़
			(x)	रायसिंह नगर	तहसील रायसिंह नगर
			(xi)	केसरीसिंहपुर	उप-तहसील केसरीसिंहपुर
			(xii)	पदमपुर	तहसील पदमपुर
			(xiii)	मुकलावा	उप-तहसील मुकलावा
			(xiv)	हिन्दूमलकोट	उप-तहसील हिन्दूमलकोट
			(xv)	श्रीविजयनगर	तहसील श्रीविजयनगर
30.	सीकर	राजस्व जिला सीकर	(i)	सीकर	तहसील सीकर
			(ii)	फतेहपुर	तहसील फतेहपुर
			(iii)	लक्ष्मणगढ़	तहसील लक्ष्मणगढ़
			(iv)	खण्डेला	उप-तहसील खण्डेला
			(v)	पलसाना	उप-तहसील पलसाना
			(vi)	नीम का थाना	तहसील नीम का थाना
			(vii)	रामगढ़ शेखावाटी	अतिरिक्त तहसील रामगढ़ शेखावाटी
			(viii)	दांतारामगढ़	तहसील दांतारामगढ़
			(ix)	श्रीमाधोपुर	तहसील श्रीमाधोपुर
31.	सिरोही	राजस्व जिला सिरोही	(i)	सिरोही	तहसील सिरोही
			(ii)	भांवरी	उप-तहसील भांवरी
			(iii)	पिण्डवाड़ा	तहसील पिण्डवाड़ा
			(iv)	रेवदर	तहसील रेवदर
			(v)	आबूरोड़	तहसील आबूरोड़
			(vi)	शिवगंज	तहसील शिवगंज
			(vii)	कालिन्द्री	उप-तहसील कालिन्द्री
			(viii)	मण्डार	उप-तहसील मण्डार
32.	टोंक	राजस्व जिला टोंक	(i)	टोंक	तहसील टोंक
			(ii)	मालपुरा	तहसील मालपुरा
			(iii)	नगर फोर्ट	उप-तहसील नगर फोर्ट
			(iv)	निवाई	तहसील निवाई
			(v)	टोडारायसिंह	तहसील टोडारायसिंह
			(vi)	देवली	तहसील देवली
			(vii)	उनियारा	तहसील उनियारा
			(viii)	पीपलू	तहसील पीपलू
			(ix)	बनेठा	उप-तहसील बनेठा
			(x)	दूनी	उप-तहसील दूनी
33.	उदयपुर	राजस्व जिला उदयपुर	(i)	उदयपुर	तहसील गिर्वा (उदयपुर)
			(ii)	बारापाल	उप-तहसील बारापाल
			(iii)	भिण्डर	उप-तहसील भिण्डर
			(iv)	गोगुन्दा	तहसील गोगुन्दा

			(v)	कोटड़ा	तहसील कोटड़ा
			(vi)	कानोड़	उप-तहसील कानोड़
			(vii)	खेरवाडा	तहसील खेरवाड़ा
			(viii)	कुरावड़	उप-तहसील कुरावड़
			(ix)	लसाडिया	उप-तहसील लसाडिया
			(x)	मावली	तहसील मावली
			(xi)	झाडोल	तहसील झाडोल
			(xii)	सलूम्बर	तहसील सलूम्बर
			(xiii)	सराड़ा	तहसील सराड़ा
			(xiv)	बल्लभनगर	तहसील बल्लभनगर
			(xv)	सनवाड़	उप-तहसील सनवाड़
			(xvi)	रिषभदेव	तहसील रिषभदेव

[एफ.12(15)वित्त/कर/12-97]
राज्यपाल के आदेश से,

डॉ. रविकुमार एस.,
शासन उप सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 26 मार्च, 2012

एस.ओ.187.- रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और उप-रजिस्ट्रारों की नियुक्ति से सम्बन्धित इस विभाग की समस्त पूर्व अधिसूचनाओं को अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार निम्नलिखित अधिकारियों को उनके पदाभिधान के आधार पर उनके सामने यथावर्णित रजिस्ट्रीकरण उप-जिले के लिये, इसके द्वारा उप-रजिस्ट्रार नियुक्त करती है, अर्थात्:-

क्र.सं.	*जिला*	*उप-रजिस्ट्रार*		*उपजिला*
1	*2*	*3*		*4*
1.	अजमेर	(i)	उप-रजिस्ट्रार अजमेर-प्रथम	अजमेर
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार अजमेर-द्वितीय	
		(iii)	उप-रजिस्ट्रार ब्यावर	ब्यावर
		(iv)	तहसीलदार भिनाय	भिनाय
		(v)	नायब तहसीलदार विजयनगर	विजयनगर
		(vi)	तहसीलदार केकड़ी	केकडी
		(vii)	उप-रजिस्ट्रार किशनगढ़	किशनगढ़
		(viii)	तहसीलदार नसीराबाद	नसीराबाद
		(ix)	नायब तहसीलदार पुष्कर	पुष्कर
		(x)	तहसीलदार सरवाड़	सरवाड़
		(xi)	अतिरिक्त तहसीलदार टाटगढ़	टाटगढ़
		(xii)	तहसीलदार मसूदा	मसूदा
		(xiii)	तहसीलदार पीसांगन	पीसांगन

		(xiv)	नायब तहसीलदार रूपनगढ़	रूपनगढ़
2.	अलवर	(i)	उप-रजिस्ट्रार अलवर-प्रथम	अलवर
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, अलवर-द्वितीय	
		(iii)	नायब तहसीलदार बहादुरपुर	बहादुरपुर
		(iv)	उप-रजिस्ट्रार बहरोड़	बहरोड़
		(v)	तहसीलदार बानसूर	बानसूर
		(vi)	नायब तहसीलदार, गोविन्दगढ़	गोविन्दगढ़
		(vii)	तहसीलदार, किशनगढवास	किशनगढ़वास
		(viii)	तहसीलदार, कठूमर	कठूमर
		(ix)	तहसीलदार, लक्ष्मणगढ़	लक्ष्मणगढ़
		(x)	नायब तहसीलदार, मालाखेडा	मालाखेड़ा
		(xi)	उप-रजिस्ट्रार, नीमराना	नीमराना
		(xii)	नायब तहसीलदार रैणी	रैणी
		(xiii)	तहसीलदार, राजगढ़	राजगढ़
		(xiv)	उप-रजिस्ट्रार, रामगढ़	रामगढ़
		(xv)	नायब तहसीलदार, टपूकड़ा	टपूकडा
		(xvi)	तहसीलदार, थानागाजी	थानागाजी
		(xvii)	तहसीलदार, मुण्डावर	मुण्डावर
		(xviii)	उप-रजिस्ट्रार, तिजारा	तिजारा
		(xix)	तहसीलदार, कोटकासिम	कोटकासिम
		(xx)	उप-रजिस्ट्रार, भिवाड़ी	भिवाडी
3.	बांसवाडा	(i)	उप-रजिस्ट्रार, बांसवाड़ा	बांसवाडा
		(ii)	तहसीलदार, बागीदोरा	बागीदोरा
		(iii)	नायब तहसीलदार, आनन्दपुरी	आनन्दपुरी
		(iv)	तहसीलदार, गढी	गढी
		(v)	तहसीलदार, घाटौल	घाटौल
		(vi)	तहसीलदार, कुशलगढ़	कुशलगढ़
		(vii)	नायब तहसीलदार, सज्जनगढ़	सज्जनगढ़
4.	बांरा	(i)	उप-रजिस्ट्रार, बारां	बांरा
		(ii)	तहसीलदार, छीपाबडौद	छीपाबडौद
		(iii)	तहसीलदार, छबड़ा	छबड़ा
		(iv)	तहसीलदार, मांगरोल	मांगरोल
		(v)	तहसीलदार, शाहबाद	शाहबाद
		(vi)	नायब तहसीलदार, केलवाड़ा	केलवाड़ा
		(vii)	तहसीलदार, अटरू	अटरू
		(viii)	तहसीलदार, अन्ता	अन्ता
		(ix)	तहसीलदार, किशनगंज	किशनगंज
5.	बाड़मेर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, बाड़मेर	बाडमेर
		(ii)	तहसीलदार, चौहटन	चौहटन
		(iii)	तहसीलदार, गुढामलानी	गुढामलानी
		(iv)	नायब तहसीलदार, गडरारोड़	गढरारोड़
		(v)	तहसीलदार पचपदरा	पचपदरा
		(vi)	तहसीलदार, शिव	शिव
		(vii)	तहसीलदार सिवाना	सिवाना
		(viii)	तहसीलदार, बायतू	बायतू
		(ix)	तहसीलदार, रामसर	रामसर
		(x)	नायब तहसीलदार, गिडा	गिडा
		(xi)	उप-रजिस्ट्रार, जसौल	जसौल
		(xii)	नायब तहसीलदार,सिन्दरी	सिन्दरी
		(xiii)	नायब तहसीलदार, सेड़वा	सेडवा

6.	भरतपुर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, भरतपुर	भरतपुर
		(ii)	तहसीलदार, बयाना	बयाना
		(iii)	तहसीलदार, नदबई	नदबई
		(iv)	तहसीलदार, डीग	डीग
		(v)	तहसीलदार, कुम्हेर	कुम्हेर
		(vi)	तहसीलदार कामां	कामां
		(vii)	तहसीलदार, पहाड़ी	पहाड़ी
		(viii)	तहसीलदार, रूपवास	रूपवास
		(ix)	तहसीलदार, नगर	नगर
		(x)	तहसीलदार, बैर	बैर
		(xi)	नायब तहसीलदार, सीकरी	सीकरी
		(xii)	नायब तहसीलदार, उच्चैन	उच्चैन
		(xiii)	नायब तहसीलदार, भुसावर	भुसावर
7.	भीलवाड़ा	(i)	उप-रजिस्ट्रार, भीलवाड़ा	भीलवाड़ा
		(ii)	अतिरिक्त तहसीलदार, बदनौर	बदनौर
		(iii)	तहसीलदार, बनेड़ा	बनेड़ा
		(iv)	तहसीलदार, आसीन्द	आसीन्द
		(v)	तहसीलदार, बिजौलिया	बिजौलिया
		(vi)	नायब तहसीलदार, हमीरगढ़	हमीरगढ़
		(vii)	तहसीलदार, हुरड़ा	हुरड़ा
		(viii)	तहसीलदार, जहाजपुर	जहाजपुर
		(ix)	अतिरिक्त तहसीलदार, करेड़ा	करेड़ा
		(x)	तहसीलदार, कोटडी	कोटडी
		(xi)	तहसीलदार, माण्डल	माण्डल
		(xii)	तहसीलदार, माण्डलगढ़	माण्डलगढ़
		(xiii)	नायब तहसीलदार, फुलियाकलां	फुलियाकलां
		(xiv)	तहसीलदार, रायपुर	रायपुर
		(xv)	तहसीलदार, सहाड़ा	सहाड़ा
		(xvi)	तहसीलदार, शाहपुरा	शाहपुरा
8.	बीकानेर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, बीकानेर-प्रथम	बीकानेर
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, बीकानेर-द्वितीय	
		(iii)	नायब तहसीलदार, बज्जू	बज्जू
		(iv)	तहसीलदार, छतरगढ़	छतरगढ़
		(v)	तहसीलदार, डूंगरगढ़	डूंगरगढ़
		(vi)	तहसीलदार, कोलायत	कोलायत
		(vii)	तहसीलदार, खाजूवाला	खाजूवाला
		(viii)	तहसीलदार, लूणकरणसर	लूणकरणसर
		(ix)	उप-रजिस्ट्रार, नोखा	नौखा
		(x)	तहसीलदार, पूंगल	पूंगल
9.	बून्दी	(i)	उप-रजिस्ट्रार, बून्दी	बून्दी
		(ii)	तहसीलदार, नैनवा	नैनवा
		(iii)	तहसीलदार, हिण्डौली	हिण्डोली
		(iv)	नायब तहसीलदार, तालेड़ा	तालेड़ा
		(v)	तहसीलदार, केशोरायपाटन	केशोरायपाटन
		(vi)	तहसीलदार, इन्द्रगढ़	इन्द्रगढ़
		(vii)	नायब तहसीलदार, देई	देई
10.	चित्तौड़गढ़	(i)	उप-रजिस्ट्रार, चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़
		(ii)	तहसीलदार, बड़ीसादडी	बडी सादडी
		(iii)	तहसीलदार, बेगू	बेगू
		(iv)	तहसीलदार, भैंसरोडगढ़ (रावतभाटा)	भैंसरोड़गढ़

				(रावतभाटा)
		(v)	नायब तहसीलदार, भूपालसागर	भूपालसागर
		(vi)	तहसीलदार, अरनोद	अरनोद
		(vii)	तहसीलदार, डूंगला	डूंगला
		(viii)	तहसीलदार, गंगरार	गंगरार
		(ix)	तहसीलदार, कपासन	कपासन
		(x)	उप-रजिस्ट्रार, निम्बाहेड़ा	निम्बाहेड़ा
		(xi)	नायब तहसीलदार, पारसोली	पारसोली
		(xii)	तहसीलदार, राशमी	राशमी
		(xiii)	तहसीलदार, भदेसर	भदेसर
		(xiv)	नायब तहसीलदार, भादसोड़ा	भादसोड़ा
11.	चूरू	(i)	उप-रजिस्ट्रार, चूरू	चूरू
		(ii)	नायब तहसीलदार भानीपुरा	भानीपुरा
		(iii)	अतिरिक्त तहसीलदार, बीदासर	बीदासर
		(iv)	तहसीलदार, राजगढ़	राजगढ़
		(v)	तहसीलदार, रतनगढ़	रतनगढ़
		(vi)	तहसीलदार, सरदारशहर	सरदार शहर
		(vii)	तहसीलदार, सुजानगढ़	सुजानगढ़
		(viii)	नायब तहसीलदार, सिद्धमुख	सिद्धमुख
		(ix)	तहसीलदार, तारानगर	तारानगर
12.	दौसा	(i)	उप-रजिस्ट्रार, दौसा	दौसा
		(ii)	तहसीलदार, सिकराय	सिकराय
		(iii)	तहसीलदार, लालसोट	लालसोट
		(iv)	तहसीलदार, महुवा	महुवा
		(v)	तहसीलदार, बसवा	बसवा
		(vi)	नायब तहसीलदार, लवाण	लवाण
13.	धौलपुर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, धौलपुर	धौलपुर
		(ii)	तहसीलदार, राजाखेड़ा	राजाखेड़ा
		(iii)	नायब तहसीलदार, मनियां	मनियां
		(iv)	तहसीलदार, सेपऊ	सैपऊ
		(v)	तहसीलदार, बाड़ी	बाड़ी
		(vi)	तहसीलदार, बसेडी	बसेड़ी
		(vii)	अतिरिक्त तहसीलदार, सरमथुरा	सरमथुरा
		(viii)	नायब तहसीलदार, कंचनपुर	कंचनपुर
14.	डूंगरपुर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, डूंगरपुर	डूंगरपुर
		(ii)	तहसीलदार, आसपुर	आसपुर
		(iii)	तहसीलदार, सागवाड़ा	सागवाड़ा
		(iv)	तहसीलदार, सिमलवाडा	सिमलवाड़ा
		(v)	नायब तहसीलदार, गलियाकोट	गलियाकोट
		(vi)	नायब तहसीलदार, चीखली	चीखली
15.	हनुमानगढ़	(i)	उप-रजिस्ट्रार, हनुमानगढ़	हनुमानगढ़
		(ii)	तहसीलदार, पीलीबंगा	पीलीबंगा
		(iii)	तहसीलदार, संगरिया	संगरिया
		(iv)	तहसीलदार, टिब्बी	टिब्बी
		(v)	तहसीलदार, रावतसर	रावतसर
		(vi)	उप-रजिस्ट्रार, नोहर	नोहर
		(vii)	तहसीलदार, भादरा	भादरा
		(viii)	नायब तहसीलदार, छानी बडी	छानी बड़ी
		(ix)	नायब तहसीलदार, पल्लू	पल्लू
		(x)	नायब तहसीलदार, डबलीराठान	डबलीराठान

16.	जयपुर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-प्रथम	जयपुर
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-द्वितीय	
		(iii)	उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-तृतीय	
		(iv)	उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-चतुर्थ	
		(v)	उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-पंचम	
		(vi)	उप-रजिस्ट्रार, जयपुर- षष्ठम	
		(vii)	उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-सप्तम	
		(viii)	उप-रजिस्ट्रार, जयपुर-अष्ठम	
		(ix)	उप-रजिस्ट्रार, सांगानेर-प्रथम	
		(x)	उप-रजिस्ट्रार, सांगानेर-द्वितीय	
		(xi)	उप-रजिस्ट्रार, आमेर	
		(xii)	तहसीलदार, विराटनगर	विराटनगर
		(xiii)	उप-रजिस्ट्रार, बस्सी	बस्सी
		(xiv)	तहसीलदार, चाकसू	चाकसू
		(xv)	उप-रजिस्ट्रार, चौंमू	चौंमू
		(xvi)	तहसीलदार, मोजमाबाद	मोजमाबाद
		(xvii)	तहसीलदार, जमवारामगढ़	जमवारामगढ़
		(xviii)	नायब तहसीलदार, किशनगढ रेनवाल	किशनगढ़ रेनवाल
		(xix)	नायब तहसीलदार, कोटखावदा	कोटखावदा
		(xx)	उप-रजिस्ट्रार, कोटपूतली	कोटपूतली
		(xxi)	तहसीलदार, फागी	फागी
		(xxii)	तहसीलदार, सांभर	सांभर
		(xxiii)	तहसीलदार, शाहपुरा	शाहपुरा
		(xxiv)	नायब तहसीलदार, माधोराजपुरा	माधोराजपुरा
		(xxv)	नायब तहसीलदार, दूदू	दूदू
17.	जैसलमेर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, जैसलमेर	जैसलमेर
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, पोकरण	पोकरण
		(iii)	तहसीलदार, फतेहगढ़	फतेहगढ़
18.	जालौर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, जालौर	जालौर
		(ii)	नायब तहसीलदार, चितलवाना	चितलवाना
		(iii)	नायब तहसीलदार, भादराजून	भादराजून
		(iv)	उप रजिट्रार, भीनमाल	भीनमाल
		(v)	तहसीलदार, आहोर	आहोर
		(vi)	तहसीलदार, रानीवाडा	रानीवाड़ा
		(vii)	उप-रजिस्ट्रार, सांचौर	साँचौर
		(viii)	तहसीलदार, सायला	सायला
		(ix)	तहसीलदार, बगौडा	बागौड़ा
19.	झालावाड़	(i)	उप-रजिस्ट्रार, झालावाड़	झालावाड़
		(ii)	नायब तहसीलदार, असनावर	असनावर
		(iii)	तहसीलदार, अकलेरा	अकलेरा
		(iv)	तहसीलदार, पचपहाड़	पचपहाड़
		(v)	तहसीलदार, खानपुर	खानपुर
		(vi)	तहसीलदार, पिडावा	पिड़ावा
		(vii)	नायब तहसीलदार, सुनैल	सुनैल
		(viii)	तहसीलदार, गंगधार	गंगधार
		(ix)	तहसीलदार, मनोहरथाना	मनोहरथाना
		(x)	नायब तहसीलदार, बकानी	बकानी
		(xi)	नायब तहसीलदार, डग	डग
20.	झुन्झुनू	(i)	उप-रजिस्ट्रार, झुन्झुनू	झुन्झुनू

		(ii)	तहसीलदार, चिडावा	चिड़ावा
		(iii)	तहसीलदार, बुहाना	बुहाना
		(iv)	तहसीलदार, खेतडी	खेतड़ी
		(v)	नायब तहसीलदार, मलसीसर	मलसीसर
		(vi)	उप-रजिस्ट्रार, नवलगढ़	नवलगढ़
		(vii)	उप-रजिस्ट्रार, सूरजगढ़	सूरजगढ़
		(viii)	तहसीलदार, उदयपुरवाटी	उदयपुरवाटी
21.	जोधपुर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, जोधपुर-प्रथम	जोधपुर
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार,जोधपुर-द्वितीय	
		(iii)	उप-रजिस्ट्रार,जोधपुर-तृतीय	
		(iv)	उप-रजिस्ट्रार, जोधपुर-चतुर्थ	
		(v)	तहसीलदार, बिलाडा	बिलाड़ा
		(vi)	नायब तहसीलदार, बालेसर	बालेसर
		(vii)	तहसीलदार, भोपालगढ़	भोपालगढ़
		(viii)	तहसीलदार, ओसिया	ओसियां
		(ix)	उप-रजिस्ट्रार, फलौदी	फलौदी
		(x)	तहसीलदार, शेरगढ़	शेरगढ़
		(xi)	तहसीलदार, लूणी	लूणी
		(xii)	नायब तहसीलदार, बाप	बाप
		(xiii)	उप-रजिस्ट्रार, तिंवरी	तिंवरी
		(xiv)	नायब तहसीलदार, झंवर	झंवर
22.	करौली	(i)	उप-रजिस्ट्रार, करौली	करौली
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, हिण्डोन	हिण्डोन
		(iii)	तहसीलदार, टोडाभीम	टोडाभीम
		(iv)	तहसीलदार, नादौती	नादोती
		(v)	तहसीलदार, सपोटरा	सपोटरा
		(vi)	नायब तहसीलदार, करणपुर	करणपुर
		(vii)	तहसीलदार, मण्डरायल	मण्डरायल
		(viii)	नायब तहसीलदार, मासलपुर	मासलपुर
23.	कोटा	(i)	उप-रजिस्ट्रार, कोटा-प्रथम	लाडपुरा (कोटा)
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, कोटा-द्वितीय	
		(iii)	तहसीलदार, रामगंजमण्डी	रामगंजमण्डी
		(iv)	तहसीलदार, सांगोद	सांगोद
		(v)	तहसीलदार, दीगोद	दीगोद
		(vi)	तहसीलदार, पीपलदा	पीपलदा
		(vii)	नायब तहसीलदार, मण्डाना	मण्डाना
		(viii)	नायब तहसीलदार, चेचट	चेचट
		(ix)	नायब तहसीलदार, कनवास	कनवास
24.	नागौर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, नागौर	नागौर
		(ii)	तहसीलदार, डेगाना	डेगाना
		(iii)	तहसीलदार, जायल	जायल
		(iv)	तहसीलदार, खींवसर	खींवसर
		(v)	उप-रजिस्ट्रार, कुचामनसिटी	कुचामनसिटी
		(vi)	तहसीलदार, लाडनू	लाडनू
		(vii)	तहसीलदार, मकराना	मकराना
		(viii)	उप-रजिस्ट्रार, मेडतासिटी	मेड़तासिटी
		(ix)	तहसीलदार, डीडवाना	डीडवाना
		(x)	तहसीलदार, नावां	नावां
		(xi)	तहसीलदार, परबतसर	परबतसर
		(xii)	नायब तहसीलदार, पीलवा	पीलवा

		(xiii)	तहसीलदार, रियां बडी	रियां बडी
		(xiv)	नायब तहसीलदार, सांजू	साँजू
		(xv)	नायब तहसीलदार, मौलासर	मौलासर
		(xvi)	नायब तहसीलदार, भैंरून्दा	भैरून्दा
		(xvii)	नायब तहसीलदार, डेह	डेह
25.	पाली	(i)	उप-रजिस्ट्रार, पाली	पाली
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, देसूरी	देसूरी
		(iii)	तहसीलदार, जैतारण	जैतारण
		(iv)	तहसीलदार, मारवाड़ जं. (खारची)	मारवाड़ ज. (खारची)
		(v)	उप-रजिस्ट्रार, बाली	बाली
		(vi)	तहसीलदार, रायपुर	रायपुर
		(vii)	तहसीलदार, रोहिट	रोहिट
		(viii)	उप-रजिस्ट्रार, सुमेरपुर	सुमेरपुर
		(ix)	उप-रजिस्ट्रार, सोजत	सोजत
26.	प्रतापगढ़	(i)	उप-रजिस्ट्रार, प्रतापगढ़	प्रतापगढ़
		(ii)	तहसीलदार, छोटी सादडी	छोटी सादडी
		(iii)	नायब तहसीलदार, देवगढ़	देवगढ़
		(iv)	तहसीलदार, धारियाबाद	धारियाबाद
		(v)	तहसीलदार, पीपलखूंट	पीपलखूंट
27.	राजसमन्द	(i)	उप-रजिस्ट्रार, राजसमन्द	राजसमन्द
		(ii)	तहसीलदार, भीम	भीम
		(iii)	तहसीलदार, देवगढ़	देवगढ़
		(iv)	नायब तहसीलदार, गढबौर	गढ़बोर
		(v)	तहसीलदार, कुम्भलगढ़	कुम्भलगढ़
		(vi)	नायब तहसीलदार, कुंवारिया	कुंवारिया
		(vii)	उप-रजिस्ट्रार, नाथद्वारा	नाथद्वारा
		(viii)	तहसीलदार, आमेट	आमेट
		(ix)	तहसीलदार, रेलमगरा	रेलमगरा
		(x)	नायब तहसीलदार, सरदारगढ़	सरदारगढ़
		(xi)	नायब तहसीलदार, खमनौर	खमनोर
28.	सवाई माधोपुर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, सवाईमाधोपुर	सवाईमाधोपुर
		(ii)	तहसीलदार, बोली	बोली
		(iii)	तहसीलदार, चौथ का बरवाडा	चौथ का बरवाड़ा
		(iv)	तहसीलदार, गंगापुर सिटी	गंगापुर सिटी
		(v)	तहसीलदार, खण्डार	खण्डार
		(vi)	तहसीलदार, मलारना डूंगर	मलारना डूंगर
		(vii)	तहसीलदार, बामनवास	बामनवास
		(viii)	नायब तहसीलदार, बरनाला	बरनाला
		(ix)	नायब तहसीलदार, वजीरपुर	वजीरपुर
		(x)	नायब तहसीलदार, बहरावन्डा कलां	बहरावन्डा कलां
29.	श्रीगंगानगर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, श्रीगंगानगर	श्रीगंगानगर
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, अनूपगढ	अनूपगढ़
		(iii)	नायब तहसीलदार, बींझबायला	बींझबायला
		(iv)	उप-रजिस्ट्रार, सूरतगढ	सूरतगढ़
		(v)	तहसीलदार, सादुलशहर	सादुलशहर
		(vi)	तहसीलदार, श्री करणपुर	श्री करणपुर
		(vii)	नायब तहसीलदार, गजसिंहपुर	गजसिंहपुर
		(viii)	तहसीलदार, घडसाना	घडसाना
		(ix)	नायब तहसीलदार, चुनावड	चुनावड़

		(x)	तहसीलदार, रायसिंह नगर	रायसिंह नगर
		(xi)	नायब तहसीलदार, केसरीसिंहपुर	केसरीसिंहपुर
		(xii)	तहसीलदार, पदमपुर	पदमपुर
		(xiii)	नायब तहसीलदार, मुकलावा	मुकलावा
		(xiv)	नायब तहसीलदार, हिन्दूमलकोट	हिन्दूमलकोट
		(xv)	उप-रजिस्ट्रार, श्रीबिजयनगर	श्रीबिजयनगर
30.	सीकर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, सीकर	सीकर
		(ii)	तहसीलदार, फतेहपुर	फतेहपुर
		(iii)	तहसीलदार, लक्ष्मणगढ	लक्ष्मणगढ़
		(iv)	नायब तहसीलदार, खण्डेला	खण्डेला
		(v)	नायब तहसीलदार, पलसाना	पलसाना
		(vi)	उप-रजिस्ट्रार, नीम का थाना	नीम का थाना
		(vii)	अतिरिक्त तहसीलदार, रामगढ़ शेखावाटी	रामगढ़ शेखावाटी
		(viii)	उप-रजिस्ट्रार, दांतारामगढ़	दांतारामगढ़
		(ix)	तहसीलदार, श्रीमाधोपुर	श्रीमाधोपुर
31.	सिरोही	(i)	उप-रजिस्ट्रार, सिरोही	सिरोही
		(ii)	नायब तहसीलदार, भांवरी	भांवरी
		(iii)	तहसीलदार, पिण्डवाडा	पिण्डवाड़ा
		(iv)	तहसीलदार, रेवदर	रेवदर
		(v)	उप-रजिस्ट्रार, आबूरोड	आबूरोड़
		(vi)	उप-रजिस्ट्रार, शिवगंज	शिवगंज
		(vii)	नायब तहसीलदार, कालिन्द्री	कालिन्द्री
		(viii)	नायब तहसीलदार, मण्डार	मण्डार
32.	टोंक	(i)	उप-रजिस्ट्रार, टोंक	टोंक
		(ii)	तहसीलदार, मालपुरा	मालपुरा
		(iii)	नायब तहसीलदार,नगर फोर्ट	नगर फोर्ट
		(iv)	उप-रजिस्ट्रार, निवाई	निवाई
		(v)	तहसीलदार, टोडारायसिंह	टोडारायसिंह
		(vi)	तहसीलदार, देवली	देवली
		(vii)	तहसीलदार, उनियारा	उनियारा
		(viii)	तहसीलदार, पीपलू	पीपलू
		(ix)	नायब तहसीलदार, बनेठा	बनेठा
		(x)	नायब तहसीलदार, दूनी	दूनी
33.	उदयपुर	(i)	उप-रजिस्ट्रार, उदयपुर-प्रथम	उदयपुर
		(ii)	उप-रजिस्ट्रार, उदयपुर- द्वितीय	
		(iii)	नायब तहसीलदार, बारापाल	बारापाल
		(iv)	नायब तहसीलदार, भिण्डर	भिण्डर
		(v)	तहसीलदार, गोगुन्दा	गोगुन्दा
		(vi)	तहसीलदार, कोटडा	कोटड़ा
		(vii)	नायब तहसीलदार, कानोड	कानोड़
		(viii)	तहसीलदार, खेरवाडा	खेरवाडा
		(ix)	नायब तहसीलदार, कुरावड	कुरावड़
		(x)	नायब तहसीलदार, लसाडिया	लसाडिया
		(xi)	उप-रजिस्ट्रार, मावली	मावली
		(xii)	तहसीलदार, झाडोल	झाडोल
		(xiii)	तहसीलदार, सलूम्बर	सलूम्बर
		(xiv)	तहसीलदार, सराडा	सराड़ा
		(xv)	तहसीलदार, बल्लभनगर	बल्लभनगर
		(xvi)	नायब तहसीलदार, सनवाड	सनवाड़

		(xvii)	तहसीलदार, रिषभदेव	रिषभदेव

[एफ.12(15)वित्त/कर/12-98]
राज्यपाल के आदेश से,

डॉ. रविकुमार एस.,
शासन उप सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 26 मार्च, 2012

एस.ओ.188.- रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 78 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार इसके द्वारा इस विभाग की अधिसूचना सं. एफ.2(47)एफडी/टैक्स/09-04 दिनांक 09.4.10 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिसूचना में शीर्ष आर्टिकल-I के अधीन विद्यमान क्रम संख्यांक 2 और उनकी प्रविष्टियां निम्नलिखित के द्वारा प्रतिस्थापित की जायेंगी, अर्थात्:-

''2.	भाई या बहिन (त्यजक के माता-पिता के बच्चे) या पुत्र या पुत्री या पूर्वमृत पुत्र का पुत्र या पूर्वमृत पुत्र की पुत्री या त्यजक के पिता या माता या पति या पत्नी या उपर्युक्त नातेदारों के विधिक वारिसों के द्वारा या उनके पक्ष में पैतृक संपत्ति या उसके भाग की निर्मुक्ति	अधिकतम 500/- रुपये के अध्यधीन एक प्रतिशत

स्पष्टीकरण- I जब दस्तावेज की विषयवस्तु मूल्यांकन योग्य है तो मूल्य रजिस्ट्रीकरण के पूर्व अभिव्यक्त किया जाना चाहिए।
स्पष्टीकरण- II पांच वर्ष से अन्यून की किसी कालावधि के लिए पट्टे की दशा के सिवाय मूल्य या प्रतिफल संपत्ति के बाजार मूल्य के बराबर समझा जायेगा।
स्पष्टीकरण- III पट्टे की लिखत की दशा में रजिस्ट्रीकरण फीस उस रकम पर संगणित की जायेगी जिस पर स्टाम्प शुल्क संदेय है।''

[एफ.12(15)वित्त/कर/12-99]
राज्यपाल के आदेश से,

डॉ. रविकुमार एस.,
शासन उप सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 26 मार्च, 2012

एस.ओ.189.- राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस

विभाग की अधिसूचना सं. एफ.12(20)एफ.डी./ टैक्स/2005-216, दिनांक 24.03.2005 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 394 के अधीन उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा कम्पनियों के या बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 44-क के अधीन भारतीय रिजर्व बैंक के आदेश द्वारा बैंककारी कम्पनियों के समामेलन या पुनर्गठन से संबंधित हस्तांतरण-विलेख पर उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची के अनुच्छेद 21 के खण्ड (iii) के अधीन प्रभार्य स्टाम्प शुल्क 10 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत किया जायेगा।

[एफ.12(15)वित्त/कर/12-100]
राज्यपाल के आदेश से,

डॉ. रविकुमार एस.,
शासन उप सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, 26 मार्च, 2012

एस.ओ.190.- राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1999 (1999 का अधिनियम सं. 13) की धारा 43 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर नियम, 1999 को और संशोधित करने के लिए, इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.-** (1) इन नियमों का नाम राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) नियम, 2012 है।

(2) ये 1 अप्रैल, 2012 से प्रवृत्त होंगे।

2. **नियम 8 का प्रतिस्थापन.-** राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर नियम, 1999, जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियमों के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, के विद्यमान नियम 8 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

''**8. कर का संदाय.-** (1) जब तक कि राज्य सरकार द्वारा अन्यथा अधिसूचित न किया जाये कर, मांग या अन्य राशि का संदाय, विभाग की शासकीय वेबसाइट के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक रूप से, राज्य सरकार की ओर से धन प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत बैंक में किया जायेगा। प्राधिकृत बैंक कम्प्यूटर नेटवर्क के माध्यम से प्ररुप प्र.क. स्था.क्षे.-22 में ई-चालान जनित करेंगे। प्राधिकृत बैंक उसी दिन ऐसे ई-चालान के विवरण को राज्य के संबंधित खजाने को प्ररुप प्र.क.स्था.क्षे.-25 में अग्रेषित भी करेंगे और ऐसे विवरण की एक प्रति महालेखाकार, राजस्थान को अग्रेषित की जायेगी। संदाय की तारीख वह तारीख समझी जायेगी जिसको प्ररुप प्र.क.स्था.क्षे.-22 में ई-चालान जनित किया जाता है।

(2) राज्य सरकार द्वारा यथा-अधिसूचित व्यवहारियों का वर्ग कर, मांग या अन्य राशि का संदाय, प्ररुप प्र.क.स्था.क्षे.-21 में चालान के माध्यम से या सम्बन्धित निर्धारण प्राधिकारी या किसी प्राधिकृत अधिकारी के पक्ष में राजस्थान में स्थित किसी बैंक की किसी भी शाखा पर लिखे गये किसी मांगदेय ड्राफ्ट के माध्यम

से, सरकारी खजाने में या राज्य सरकार की ओर से धन प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत बैंक में करेगा। संदाय की तारीख वह तारीख समझी जायेगी जिसको राज्य सरकार के खाते में नकद या मांगदेय ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/चैक भुनाकर निक्षिप्त कराया जाता है।

(3) उप-नियम (2) के अधीन कर, मांग या अन्य राशि के निक्षेप पर बैंक चालान के भाग 4 और भाग 5 को उन पर अपनी मुहर लगाने के पश्चात् रकम निक्षिप्त कराने वाले व्यक्ति को लौटा देगा और ऐसे चालान का भाग 3 बैंक द्वारा खजाना या प्राधिकृत अधिकारी को भेजा जायेगा। चालान का भाग 1 और भाग 2 ऐसे बैंक द्वारा खजाने को भेजा जायेगा, और ऐसा खजाना चालान के भाग 1 को अपने पास रखेगा और भाग 2 को महालेखाकार, राजस्थान को अग्रेषित करेगा। संदाय करने वाला व्यक्ति चालान का भाग 5 अपने पास रखेगा और उसके भाग 4 को संबंधित प्राधिकारी को प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन, विवरणी, और अपील के ज्ञापन या अन्य दस्तावेज के साथ संलग्न करेगा।

3. **नियम 9 का प्रतिस्थापन.**- उक्त नियमों के विद्यमान नियम 9 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

''9. **विवरणियां.**- (1) प्रत्येक व्यवहारी प्ररूप प्र.क.स्था.क्षे.-3 में तिमाही विवरणी और प्र.क.स्था.क्षे.-5 में वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करेगा।

(2) प्रत्येक व्यवहारी, जब तक कि राज्य सरकार द्वारा अन्यथा अधिसूचित न किया जाये, विभाग की शासकीय वेबसाइट के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक रूप से विवरणी प्रस्तुत करेगा। विवरणी व्यवहारी द्वारा डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित की जायेगी और यदि इसे डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित नहीं किया जाता है तो व्यवहारी, विभाग की शासकीय वेबसाइट के माध्यम से जनित अभिस्वीकृति देगा और ऐसी विवरणी (विवरणियाँ) फाइल करने की अंतिम तारीख के पन्द्रह दिन के भीतर-भीतर इस पर अपने हस्ताक्षर करके उसके द्वारा सत्यापित की जायेगी, ऐसा करने में विफल होने पर विवरणी (विवरणियाँ) फाइल नहीं करने का मामला समझा जायेगा।

(3) जहां कर या ब्याज, यदि कोई हो, की रकम इलेक्ट्रोनिक रुप से संदत्त नहीं की जाती है वहाँ व्यवहारी ऐसी विवरणी(यों) के फाइल करने की अंतिम तारीख के पन्द्रह दिन के भीतर-भीतर निर्धारण प्राधिकारी को निक्षेप के सबूत के रूप में प्ररूप प्र.क.स्था.क्षे.-21 में चालान की प्रति देगा।

(4) प्ररूप प्र.क.स्था.क्षे.-3 में विवरणी समस्त व्यवहारियों द्वारा तिमाही की समाप्ति के पैंतालीस दिन के भीतर-भीतर प्रस्तुत की जायेगी।

स्पष्टीकरणः 'तिमाही' से 30 जून, 30 सितम्बर, 31 दिसम्बर और 31 मार्च को समाप्त होने वाली तीन मास की कालावधि अभिप्रेत है।

(5) प्ररूप प्र.क.स्था.क्षे.-5 में वार्षिक विवरणी समस्त व्यवहारियों द्वारा सुसंगत वर्ष की समाप्ति से दस मास के भीतर-भीतर प्रस्तुत की जायेगी, और इसके साथ निम्नलिखित संलग्न होगाः-

(क) स्थानीय क्षेत्र के बाहर से क्रय या प्राप्त किये गये माल के मूल्य को विनिर्दिष्ट करने वाला विवरण;

(ख) स्थानीय क्षेत्र के भीतर क्रय या प्राप्त किये गये माल के मूल्य को विनिर्दिष्ट करने वाला विवरण;

(ग) स्थानीय क्षेत्र के बाहर से क्रय या प्राप्त किये गये किन्तु प्रदायकर्ता को लौटाये गये माल के मूल्य को विनिर्दिष्ट करने वाला विवरण;

(घ) स्थानीय क्षेत्र के बाहर से क्रय या प्राप्त किये गये किन्तु विक्रय की रीति से अन्यथा स्थानीय क्षेत्र से बाहर भेजे गये माल के मूल्य को विनिर्दिष्ट करने वाला विवरण;

(ङ) ऐसे माल, जिसके संबंध में कर का दायी नहीं होने का दावा किया जाता है, के क्रय या प्राप्ति की सही और पूर्ण विशिष्टियाँ विनिर्दिष्ट करने वाला विवरण; और

(च) अधिनियम के अधीन कर के संदाय से संबंधित सबूत।

(6) जहां किसी व्यवहारी के राज्य में एक से अधिक कारबार के स्थान हैं, वहां वह कारबार के मुख्य स्थान के पण्यावर्त के साथ-साथ कारबार के सभी अन्य स्थानों के पण्यावर्त को विवरणी में सम्मिलित करेगा।

(7) जहां किसी व्यवहारी को अपने द्वारा प्रस्तुत प्ररूप प्र.क.स्था.क्षे.-3 या प्र. क.स्था.क्षे.-5 में किसी भी लोप या गलती का पता चलता है वहां वह वार्षिक विवरणी फाइल करने की नियत तारीख के पूर्व किसी भी समय या धारा 12 की उप-धारा (3) के अधीन नोटिस प्राप्त होने पर, इनमें से जो भी पहले हो, पुनरीक्षित विवरणी प्रस्तुत कर सकेगा।

(8) उपर्युक्त उप-नियम (1) से (6) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, 01.04.2012 के पूर्व की कालावधि के लिए विवरणी (विवरणियां), उस रीति से और ऐसे प्ररूप में, जो उस कालावधि के लिये प्रवृत्त था, प्रस्तुत की जा सकेगी।''

4. **नियम 10 का प्रतिस्थापन.-** उक्त नियमों के विद्यमान नियम 10 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

''10. **सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाना और कारण अभिलिखित किया जाना.-** जहां कोई निर्धारण प्राधिकारी किसी व्यवहारी द्वारा स्वीकृत कर दायित्व में वृद्धि करता है या अधिनियम या नियमों के उपबंधों के अधीन उस पर या किसी भी अन्य व्यक्ति पर शास्ति अधिरोपित करता है या उनके हित के लिए हानिकर कोई आदेश पारित करता है तो उक्त प्राधिकारी उसके कारण अभिलिखित करेगा और ऐसा कोई भी आदेश तब तक पारित नहीं किया जायेगा जब तक कि व्यवहारी या व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान नहीं कर दिया गया हो।''

5. **नियम 11 का प्रतिस्थापन.-** उक्त नियमों के विद्यमान नियम 11 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

''11. **नोटिस का प्ररूप.-** नियम 10 के अधीन सुनवाई का अवसर प्रदान करने के लिए या अधिनियम या नियमों के किन्हीं भी उपबंधों के अधीन कोई कार्रवाई आरंभ करने के लिए या किसी दस्तावेज के प्रस्तुत किये जाने के लिए या कोई सूचना देने के लिए या किसी व्यक्ति की उपसंजाति के लिए नोटिस प्ररूप प्र.क. स्था.क्षे.-4 में जारी किया जायेगा।''

6. **नियम 11क और 11ख का अन्तःस्थापन.-** उक्त नियमों के इस प्रकार प्रतिस्थापित किये गये नियम 11 के पश्चात् और विद्यमान नियम 12 के पूर्व, निम्नलिखित नये नियम 11क और 11ख अन्तःस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :-

''11क. **मांग के संदाय के लिए नोटिस.-** जैसे ही अधिनियम या नियमों के अधीन कोई मांग सृजित करते हुए कोई निर्धारण पूरा कर लिया जाता है या कोई अन्य आदेश पारित कर दिया जाता है वैसे ही निर्धारण प्राधिकारी व्यवहारी या व्यक्ति पर एक मांग नोटिस, उससे ऐसी तामील के तीस दिन के भीतर मांग का संदाय करने की अपेक्षा करते हुए ऐसे आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ प्ररूप प्र.क. स्था.क्षे.-6 में तामील करेगा। तथापि, जहां निर्धारण प्राधिकारी की यह राय है कि

राज्य के राजस्व हित का संरक्षण करने के प्रयोजन के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक है वहां कारणों को अभिलिखित करने के पश्चात्, तीस दिन की कालावधि कम कर सकेगा, जो वह मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में उचित समझे।

11ख. **प्रतिदाय.-** जहां निर्धारण प्राधिकारी का ऐसी रकम के निक्षेप के तथ्यों को सत्यापित करने के पश्चात् यह समाधान हो जाता है कि किये गये किसी निर्धारण के परिणामस्वरूप या किसी सक्षम प्राधिकारी या न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसरण में, किसी व्यवहारी या किसी व्यक्ति द्वारा किया गया संदाय किसी भी कर, शास्ति, ब्याज या अन्य देय राशि से अधिक है तो ऐसा निर्धारण प्राधिकारी,या तो स्वप्रेरणा से या, यथास्थिति, इस निमित्त किये गये किसी आवेदन पर, ऐसे निर्धारण या ऐसे आदेश की प्राप्ति या प्ररूप प्र.क.स्था.क्षे.-23 में पूर्ण आवेदन की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर प्रतिदाय का आदेश पारित करेगाः

